दिनांक 02.07.2021

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

पेयजल व्यवस्था को लेकर नागरिकों से फीडबैक लेने खुर्सीपार पहुंचे निगम आयुक्त
निगम क्षेत्र के सभी वार्डो पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने आयुक्त ने दिए निर्देश
मॉर्निंग विजिट में संतोषी पारा में डेंगू नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किए

भिलाईनगर / नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत खुर्सीपार में पेयजल की व्यवस्था को लेकर नागरिकों से फीडबैक लेने आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड 31 में नलों से पानी भर रही महिलाओं से चर्चा किए उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नलों में पानी का प्रेशर पर्याप्त आ रहा है, इस दौरान विभिन्न घरों से कुछ देर पहले ही भरे हुए पानी की शुद्वता जांच किए जहां पानी साफ मिला। गलियों का निरीक्षण करते हुए सभी घरो व सार्वजनिक नलों में टोटी अनिवार्य रूप से लगाने तथा मोटर लगाकर पानी खींचने वालो की निगरानी करते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जोन 04 के अधिकारियों को दिए। मॉर्निंग विजिट में आयुक्त महोदय वार्ड 25 संतोषीपारा पहुंचे जहां उन्होंनें नागरिकों से टेमिफॉस वितरण, कूलर की सफाई की जानकारी लेते हुए डेंगू से बचाव के नियमों का पालने और घर में रखे हुए अनुपयोगी पात्र में जलजमाव नहीं करने की अपील किए।
भिलाई निगम क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज खुर्सीपार क्षेत्र पहुंचे और पाईपलाइन, सार्वजनिक नलों में पानी का प्रेशर का निरीक्षण किए। इस दौरान वार्ड 31 दुर्गा मंदिर के पास श्रीमती धर्मशीला देवी, श्रीमती गायत्री मिश्रा, श्रीमती सविता देवी के घरों में जाकर घर के नल में आने वाले पानी का प्रेशर और पानी की शुद्वता के बारे में जानकारी लिए जिस पर महिलाओं ने बताया कि पानी पर्याप्त आ रहा है तथा साफ है, बारिश के

जनसम्पर्क अधिकारी